दिनांक 07.02.2019

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सांची विश्वविद्यालय के तृतीय वार्षिक खेलों का शुभारंभ

- **कुलपति श्रीमती रेनू तिवारी ने बैडमिंटन खेलकर किया शुभारंभ**
- **"पुरुषों से अधिक महिलाओं को खेलों में भागीदारी करनी चाहिए"- कुलपति**
- **'छात्रों को सपने ज़रूर देखने चाहिए'- कुलपति**
- **खेलों से सुरक्षा और आत्मबल पैदा होता है- डॉ मेहता**
- **प्रथम दिवस शतरंज, कैरम, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और क्रिकेट के मुकाबले हुए**
- **रस्साकशी का रोचक खेल रहेगा सबका आकर्षण**

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में तृतीय वार्षिक खेलों के पहले दिन कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल के मुकाबले हुए। संस्कृति विभाग की सचिव तथा विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती रेनू तिवारी ने वार्षिक खेलों का शुभारंभ खिलाड़ियों को शपथ एवं बेडमिंटन खेलकर की।

कुलपति श्रीमती रेनू तिवारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण के ज़रिए छात्रों में जोश भर दिया। उन्होने कहा कि छात्र के जीवन में पढ़ने से ज़्यादा खेल ज़रूरी हैं, क्योंकि पढ़ाई करने से सिर्फ बौद्धिक विकास होता है जबकि खेलों से संपूर्ण विकास होता है। श्रीमति तिवारी ने छात्रों से ज्यादा छात्राओं को खेलों में हिस्सा लेने की वकालत करते हुए तर्क दिया कि मज़बूत देश के लिए आवश्यक है कि उसकी 50 प्रतिशत महिला आबादी भी सशक्त और मज़बूत हो।

विश्वविद्यालय के छात्रों से कुलपति महोदया ने कहा कि वे सपने ज़रूर देखें और उन्हें पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दें। श्रीमती रेनू तिवारी ने का कि छात्र डट कर अपनी पढ़ाई भी करें और देश के अच्छे नागरिक बनें क्योंकि अगर पढ़ाई-लिखाई करने के बाद भी व्यक्ति के अंदर तमीज़, मूल्य और अनुशासन नहीं आ पाए तो उनका पढ़ना बेकार है। डीन डॉ. नवीन मेहता ने कहा कि खेलों से सुरक्षा और आत्मबल है इसलिए हर छात्र को चाहिए कि वो मैदान पर जमकर खेले।

पहले दिन विभिन्न विभागों के छात्रों के बीच शतरंज, कैरम, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और क्रिकेट के मुक़ाबले आयोजित किए गए। छात्रों के शतरंज के मुक़ाबले में चीनी भाषा विभाग के आदित्य ने वैदिक विभाग के नितिन कुमार को हराया जबकि योग विभाग के मोहित कोष्टा ने भारतीय दर्शन विभाग के विनय तिवारी को हराया।

छात्राओं के चेस मुकाबलों में अंग्रेज़ी विभाग की छात्रा मुस्कान सोलंकी ने चीनी भाषा विभाग की निधि को हराया वहीं वैदिक विभाग की दूसरी छात्रा श्वेता योग विभाग की छात्रा नम्रता चौहान से हार गईं।

<u>शतरंज</u> के कल सेमीफाइनल और फाइनल मुक़ाबले होंगे। छात्र वर्ग में कैरम डबल्स के नॉकआउट मुकाबलों में चीनी विभाग के नानो सिंह और मायारशंग की जोड़ी ने हिंदी और भारतीय दर्शन विभाग के छात्रों अशोक तथा प्रमोद की जोड़ी को हरा दिया। दूसरे डबल्स मुकाबले में भारतीय चित्रकला और वैदिक विभाग के सौरभ मंडल और दीपक आर्य की टीम ने योग विभाग के शिवांश और प्रशांत की टीम को हरा दिया।

छात्राओं के कैरम के डबल्स मुक़ाबलों में योग विभाग की आकांक्षा और श्वेता की जोड़ी ने अंग्रेज़ी विभाग की छात्राओं सुरभि राठौर और सौम्या तिवारी की जोड़ी को हरा दिया। दूसरे मुकाबले में चीनी भाषा विभाग की निधि और अंशू की जोड़ी ने योग विभाग की मेघा और नेहा की जोड़ी को अपने आगे टिकने न दिया।

कैरम के मिक्स डबल्स मुकाबलों में योग विभाग के प्रशांत और नम्रता की जोड़ी ने हिंदी और अंग्रेज़ी विभाग के रजत शर्मा और सौम्या तिवारी की जोड़ी को हरा दिया। भारतीय दर्शन के छात्र सौरभ और योग विभाग की आकांक्षा की जोड़ी ने चीनी भाषा विभाग के राहुल और अंशू की जोड़ी को हरा कर मुकाबला जीता। तीनों ही वर्ग में कैरम के कल फाइनल मुकाबले होंगे।

छात्रों के टेबिल टेनिस के एकल मुकाबले में संयुक्त टीम के आमिर अहमद खान ने चीनी भाषा के छात्र रश्मि रंजन को हराया जबकि दूसरे मुकाबले में योग विभाग के आयुष आचार्य ने संस्कृत विभाग के अविनाश को हरा दिया।

छात्राओं के **टेबिल टेनिस** के एकल मुकाबलों में संयुक्त टीम की छात्रा नताशा ने चीनी भाषा विभाग की सिमरन को और दूसरे मुकाबले में योग विभाग की मीना ने संस्कृत विभाग की श्वेता को हराया। कल टेबिल टेनिस के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे।

टीम इवेंट में पहले दिन **वॉलीबॉल** के दो मुकाबले हुए। संस्कृत विभाग की टीम ने संयुक्त टीम को हरा दिया जबकि दूसरे मुकाबले में चीनी भाषा की टीम ने रोचक मुकाबले में योग विभाग की टीम को हराया। पहले दिन **क्रिकेट** का एक मात्र मैच चीनी भाषा और संस्कृत भाषा की टीमों के मध्य खेला गया।